# विश्वविद्यालय के परिप्रेक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना की यात्रा

युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी को प्रणेता मानकर 02 अक्टूबर 1969 गांधी जंयती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा युवाओं को समाज के प्रति संवदेना जागृत करने एवं सेवा कार्य के माध्यम से व्यक्तित्व विकास के लिए यह योजना प्रारंभ की गई। इस योजना का महत्वपूर्ण उद्देश्य युवाओं को ग्रामीण व्यवस्था के प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हो एवं उनमें मानवीय दृश्टिकोण विकास हो।

तत्कालीन मध्यप्रदेश (1969) में डॉ हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में इस योजना का प्रारंभ हुआ। 1969 से 1971 तक यह योजना विश्वविद्यालय इकाई के रूप में संचालित होती रही। 1971-72 से अपने अधिनस्थ महाविद्यालयों में इकाई प्रारंभ करने की अनुमति शासन से प्राप्त हुई। स्थापना वर्ष के प्रथम चरण में रायपुर जिले के 03 महाविद्यालयों में यह योजना प्रारंभ की गई हैं। जिसमें सर्वप्रथम शासकीय विज्ञान महाविद्यालय रायपुर,दुर्गा महाविद्यालय रायपुर एवं शास. डी.बी. महाविद्यालय बालौदाबाजार को अवसर प्राप्त हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना का सफर धीरे-धीरे सभी संस्थाओं में प्रारंभ हुआ।

| क्र. | सत्र | संस्थाओं की संख्या | छात्र संख्या आबंटन |
|---|---|---|---|
| 1 | 1969-1989 | 23 | 2674 |
| 2 | 1990-2000 | 98 | 8250 |
| 3 | 2001-2010 | 350 | 27075 |
| 4 | 2011-2020 | 375 | 30650 |

वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना का कार्यक्षेत्र विश्वविद्यालय से संबंधित 05 जिलों में सफलता पूर्वक संचालित छात्र संख्या 18300 इकाई संख्या 216 राज्य के सबसे बड़े विश्वविद्यालय में संचालित यह योजना सफलता पूर्वक अपने स्वर्ण जंयती वर्ष को पूरा किया हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना को अग्रिम पंक्ति में रखने के लिए कार्यक्रम अधिकारियों, स्वयं सेवकों, जिला संगठकों एवं कार्यक्रम समन्वयकों की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ राज्य शासन एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के अधिकारियों का भी महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होता रहा हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर, राष्ट्रीय स्तर, एवं राज्य स्तर पर पुरस्कार प्राप्त कर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ का गौरव बढ़ाया हैं।





# राष्ट्रीय सेवा योजना : मूलभुत जानकारी

| वार्षिक जानकारी | 01 अप्रैल 2021- 31 मार्च 2022 |
|---|---|
| राज्य | छत्तीसगढ़ |
| विश्वविद्यालय | पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर |
| कार्यक्रम समन्वयक नाम | डॉ.नीता बाजपेयी |
| प्रतिनियुक्ति तिथि | 25 नंवबर 2013 (पूर्णकालिक) |
| रासेयो.प्रकोष्ठ कर्मचारी | 01+04 |
| विगत सलाहकार समिति बैठक की तिथि | 28 अक्टूबर 2021 |
| राज्य सरकार द्वारा आंबटित छात्र संख्या | 18300 |
| वास्तविक पंजीयन | 21074 |
| कुल इकाई संख्या | 216 |
| कुल कार्यक्रम अधिकारी | 216 |
| कुल प्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारी | 147 |
| कुल अप्रशिक्षित कार्यक्रम अधिकारी | 69 |
| गोद ग्राम की संख्या | 174 |
| पौधा रोपण | 22938 |
| रक्तदान | 731 यूनिट |

# विश्वविद्यालय सलाहकार समिति 2021-22 के सम्मानीय सदस्य

| क्र. | नाम | पद | समिति स्थिति |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रो. केशरी लाल वर्मा जी | कुलपति | अध्यक्ष |
| 02 | संभाग आयुक्त के प्रतिनिधि | | सदस्य |
| 03 | प्रो. गिरीश कान्त पाण्डेय | कुलसचिव | सदस्य |
| 04 | डॉ. समरेंद्र सिंह | राज्य एनएसएस अधिकारी | सदस्य |
| 05 | श्री ए एस कबीर | क्षेत्रीय निदेशक एनएसएस भोपाल | सदस्य |
| 06 | प्रो. माया वर्मा | अध्यक्ष ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 07 | प्रो. कल्लोल घोष | अध्यक्ष रसायन विज्ञान विभाग | सदस्य |
| 08 | प्रो. राजीव चौधरी | अधिष्ठाता छात्र कल्याण | सदस्य |
| 09 | श्री उमेश अग्रवाल | वित्त नियंत्रक | सदस्य |
| 10 | प्रो. पी.सी.चौबे | प्राचार्य, शास नागार्जुन विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर। | सदस्य |
| 11 | डॉ उपाध्याय | प्राचार्य शास. स्नात. महाविद्यालय बलौदाबाजार। | सदस्य |
| 12 | डॉ. मालती तिवारी | जिला संगठक रा.से.यो, महासमुंद | सदस्य |
| 13 | डॉ. एल.एस. गजपॉल | जिला संगठक रा.से.यो, रायपुर | सदस्य |
| 14 | श्री सेमसुधीर बंडी | यूनीसेफ प्रतिनिधि छत्तीसगढ़ | सदस्य |
| 15 | श्रीकांत पाण्डेय | नेहरू युवा केन्द्र के क्षेत्रीय निदेशक | सदस्य |
| 16 | श्री सत्येन्द्र साहू | वरिष्ठ स्वयंसेवक | सदस्य |
| 17 | कु. तनुजा वर्मा | वरिष्ठ स्वयंसेवक | सदस्य |
| 18 | डॉ. नीता बाजपेयी | कार्यक्रम समन्वयक | सचिव |

# आंबटित संख्या 2021-22

उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ शासन द्वारा सत्र् 2021–22 के लिये रासेयो प्रकोष्ठ पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर को 18300 आबंटित किया।

| आंबटित छात्र संख्या एवं इकाई - 2021-22 | | | |
|---|---|---|---|
| छात्र संख्या एवं इकाई | महाविद्यालय | विद्यालय | कुल योग |
| छात्र संख्या | 7050 | 11250 | **18300** |
| इकाई | 76 | 140 | **216** |



## राष्ट्रीय सेवा योजना : पंजीयन

| वास्तविक पंजीयन की जानकरी 2021-22 | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रं. | छात्र | सामान्य | अ.पि.व. | अनु.जाति | अनु.जन जाति | योग |
| 1 | पुरुष | 4962 | 3122 | 1480 | 2618 | **12800** |
| 2 | महिला | 3448 | 2182 | 980 | 1582 | **8300** |
| योग | | **8410** | **5304** | **2460** | **4200** | **20374** |
| 3 | स्व-वित्तिय इकाई | | | | | 700 |
| | | | | | कुल योग | **21074** |

# राष्ट्रीय सेवा योजना : गोदग्राम

राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रमुख गतिविधी के रुप में गोदग्राम भी है। रासेयो. की इकाइयों द्वारा अपनी संस्था के करीब ग्राम या बस्ती को गोद लिया जाता है। इकाइयों का यह प्रयास होता है कि उनके द्वारा अधिकांश रासेयो के कार्यक्रमों का आयोजन गोदग्राम में हो और उसका लाभ ग्रामीणों को मिल सकें। इकाइयों द्वारा गोदग्राम में सात दिवसीय विशेष शिविर के साथ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर, जागरुकता शिविर एवं पशु शिविरों का आयोजन किया जाता है साथ ही राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार भी ग्रामीणों के बीच किया जाता हैं।

पं. रविशंकर शुक्ल विवि से संबधित इकाइयों द्वारा भी गांव या बस्ती गोद लिये जाते है जिनका विवरण जिलेवार निम्नांकित है :–

| क्र. | जिला | कुल इकाई | गोदग्राम |
|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 60 | 48 |
| 2. | बलौदाबाजार – भाटापारा | 32 | 21 |
| 3. | गरियाबंद | 22 | 13 |
| 4. | धमतरी | 51 | 44 |
| 5. | महासमुंद | 51 | 48 |
| | योग | 216 | 174 |



# राष्ट्रीय सेवा योजना :जिलेवार पौधारोपण

राष्ट्रीय सेवा योजना पर्यावरण सरंक्षण एवं सवंर्द्वन के कार्य को भी प्रमुखता के साथ सपांदित करते है, साथ ही पौधों के सरंक्षण का कार्य भी किया जाता हैं। समाज में पर्यावरण के जागरुकता हेतु भी अनेक कार्यक्रम किये जाते हैं। कोविड–19 के सक्रंमण काल में भी रासेयो के स्वयंसेवको और कार्यक्रम अधिकारीयो द्वारा जिला प्रशासन के कोविड–19 के दिशा निर्देशों का पालन करते हुये पर्यावरण कं प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है।

विश्वविद्यालय से संबधित जिलेवार जानकारी निम्नांकित हैं :

| क्रं. | जिला | ईमारती | फूलदार | फलदार | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर | 612 | 1832 | 988 | 3132 | 6564 |
| 2 | बलौदाबाजार | 312 | 845 | 771 | 1263 | 3191 |
| 3 | गरियाबंद | 280 | 452 | 570 | 1222 | 2524 |
| 4 | धमतरी | 687 | 985 | 822 | 2249 | 4743 |
| 5 | महासमुंद | 967 | 1126 | 1270 | 2553 | 5916 |
| | **योग** | **2858** | **5240** | **4421** | **10419** | **22938** |









# राष्ट्रीय सेवा योजना :जिलेवार रक्तदान

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कोविड़–19 महामारी काल में आवश्यकतानुसार रक्तदान किया और सामाजिक दायित्व का निर्वहन किया। कोविड–19 के दिशा निर्देशानुसार रक्तदान के शिविर का आयोजन नही किया गया किन्तु आवश्यकतानुसार रक्तदान किया। पांच जिलों के स्वयंसेवकों द्वारा 731 यूनिट रक्तदान किया।

विश्वविद्यालय से संबधित जिलेवार जानकारी निम्नांकित हैं :–

| क्र. | जिला | रक्तदान | योग |
|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर | 278 | 278 |
| 2 | बलौदाबाजार | 58 | 58 |
| 3 | गरियाबंद | 35 | 35 |
| 4 | धमतरी | 122 | 122 |
| 5 | महासमुंद | 248 | 248 |
| | योग | **731** | **731** |









# राष्ट्रीय सेवा योजना : विशेष शिविर

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर माह अक्टूबर 2021 से 2022 तक प्रस्तावित था। कोविड–19 संक्रमण के फैलाव को और भारत सरकार के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय से संबंधित 05 जिलों की अधिकांश इकाईयों को स्थानीय प्रशासन से शिविर हेतु अनुमति प्राप्त नही होने के कारण शिविर संचालित नही हुए। परंतु जिन इकाईयों को स्थानीय प्रशासन से अनुमति प्राप्त हुई वे शिविर सफलता पूर्वक संचालित हुए।

जिलेवार विशेष शिविर विवरण निम्नानुसार है:–

| क्रं. | जिला | कुल इकाई | गोदग्राम |
|---|---|---|---|
| 1. | रायपुर | 60 | 24 |
| 2. | बलौदाबाजार – भाटापारा | 32 | 13 |
| 3. | गरियाबंद | 22 | 07 |
| 4. | धमतरी | 51 | 28 |
| 5. | महासमुंद | 51 | 35 |
| | योग | 216 | 107 |









# राष्ट्रीय सेवा योजना:जागरुकता कार्यक्रम

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कोविड़—19 महामारी काल में आवश्यकतानुसार अनेक जागरुकता के कार्यक्रम किये। एडस जागरुकता, राष्ट्रीय एकता दिवस, पोषण आहार, टीकाकरण के साथ करोना प्रोटोकाल व्यवहार संबंधी समाज में जागरुकता के कार्य सपंन्न किये।

विश्वविद्यालय से संबधित जिलेवार जानकारी निम्नांकित हैं :

| क्र. | जिला | एड्स दिवस | पोषण आहार | टीकाकरण | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रायपुर | 26 | 30 | 78 | **138** |
| 2 | बलौदाबाजार | 14 | 29 | 67 | **110** |
| 3 | गरियाबंद | 05 | 09 | 48 | **62** |
| 4 | धमतरी | 38 | 72 | 90 | **200** |
| 5 | महासमुंद | 39 | 84 | 115 | **238** |
| | योग | **122** | **224** | **398** | **748** |








# राष्ट्रीय सेवा योजना : यूनीसेफ छ.ग.

राष्ट्रीय सेवा योजना छ.ग. और यूनीसेफ छ.ग. के संयुक्त आयोजन में ब्लू बिग्रेड फेस 02 के कार्यक्रम आयोजित करने हेतु कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय को नोडल अधिकारी उच्च शिक्षा छ.ग. शासन द्वारा बनाया गया था। ब्लू बिग्रेड फेस 02 में कोरोना संक्रमण को देखते हुए तीन गतिविधियां मुख्य रूप से आयोजित की जानी थी। ये सभी गतिविधियां ग्रामीण क्षेत्र एवं बस्तियों में मुख्य रूप से संचालित की जानी थी।

01. कोविड टीकाकरण का व्यापक प्रचार–प्रसार ।
02. स्वास्थ संबधी कार्यक्रम ।
03. सीखने–सीखाने की प्रक्रिया।

उपरोक्त कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु स्वयंसेवकों द्वारा दीवार पर नारा लेखन, रैली, नुक्कड़–नाटक, घर–घर संपर्क एवं व्यक्तिगत संपर्क के माध्यम से पूरे राज्य में गतिविधियां संचालित की गई। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अंतर्गत जिलेवार संपादित गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार है:–

## ब्लू ब्रिगेड फेस - 02
## संपादित गतिविधियों का कार्य विवरण
### लाभांवित संख्या जिले वार
### 18 अक्टूबर से 17 अप्रेल 2022

| क्र. | कार्यक्रम विवरण | रायपुर | महासमुंद | धमतरी | बलौदा–बाजार | गरियाबंद | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम संपर्क | 80 | 78 | 60 | 52 | 35 | 305 |
| 2. | टीकाकरण जागरूकता कोविड वैक्सीन, कुपोषण,गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण | 450 | 510 | 430 | 365 | 285 | 2040 |
| 3. | शिक्षण विधि | 1200 | 1450 | 1390 | 1285 | 1050 | 6375 |
| 4. | रैली | 75 | 62 | 55 | 40 | 32 | 264 |
| 5. | नुक्कड़ नाटक | 82 | 150 | 90 | 70 | 55 | 447 |
| 6. | नारा लेखन | 450 | 560 | 300 | 350 | 220 | 1880 |
| 7. | परिवार व्यक्ति संपर्क | 5300 | 5500 | 4500 | 3200 | 1500 | 20000 |



# राष्ट्रीय सेवा योजना : यूनीसेफ छ.ग.





ब्लू बिग्रेड कार्य योजना में रासेयो. के स्वंय सेवकों द्वारा कोविड–19 महामारी काल में विशेषकर ग्रामीण अंचल और गरीब बस्तियों के रहवासियों बुजूर्ग, गर्भवती महिला और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य संबंधी सेवा एवं सहयोग प्रदान किया।



ब्लूबिग्रेड के स्वयंसेवकों ने ग्राम सपंर्क कर बाल हिंसा गुड टच बैड टच की जानकारी बच्चों अभिभावकों को प्रदान की।

# युवा शक्ति कार्यक्रम

यूनीसेफ छ.ग. और राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा युवा नीति हेतु युवाओं को प्रशिक्षण एवं प्रेरित करने हेतु युवा शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के संभाग मुख्यालयों में 02 दिवसीय युवा स्पीक्स प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन नवम्बर एवं दिसम्बर 2021 में किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में संभाग के चयनित युवाओं के साथ दिनभर का प्रशिक्षण एवं संवाद कार्यक्रम किया गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन स्थानीय जन–प्रतिनिधि जिसमें मुख्य रूप से स्थानीय विधायक जी, महापौर जी, प्रशासनिक प्रमुख में जिलाधीश, पुलिस अधीक्षक एवं अन्य जन–प्रतिनिधि एवं प्रशासनिक प्रमुख जो नीति निर्धारक के रूप में कार्य करते है। उनका संवाद चयनित युवाओं से कराया गया एवं सभी के सुझाव युवा नीति के विषय में संकलित किये गये। रायपुर में दिनांक 19.04.2022 को युवा नीति पर राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष सहित स्थानीय विधायक, प्रशासनिक अधिकारी एवं अन्य की उपस्थिती रही।






















# उद्यमिता एवं जीवन कौशल एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

युवाओं में स्वरोजगार जीवन कौशल का विकास कैसे हो युवाओं को स्वरोजगार के लिए क्या आवश्यक है इस विषय को लेकर एवं कोरोना महामारी से उत्पन्न जीवन शैली में समस्याओं के समाधान हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अप्रैल 2022 में किया गया। जिसमें पूरे राज्य के 130 से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया,विषय विशेषज्ञ के रूप में अमिटी विश्वविद्यालय रायपुर के नवाचार विशेषज्ञ **प्रोफेसर सत्येंद्र पटनायक जी**,छत्तीसगढ़ राज्य के प्रमुख उद्यमी **श्री आनंद सिंघानिया जी** और प्रेरणादाई विशेषज्ञ के रूप में विख्यात **श्री जवाहर सुरीसिटी जी** का अनुभव एवं लाभ युवाओं को प्राप्त हुआ।

#YuwaShakti













# युथ स्पीक्स

युवाओ के समस्त व्यक्ति विकास हेतु चयनित युवा जो अपने क्षेत्र में सफल है उनके अनुभव को दूसरे युवा सुने और प्रभावित होकर अपने क्षेत्र में कुछ नया करे । इसी उद्देश्य के लिए रायपुर में दिनांक 26.11.2021 को टाउनहाल का आयोजन "Yuwa Speaks" के नाम से किया गया । जिसमे 1500 से ज्यादा युवा सम्मिलित हुए । वक्ता के रूप में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकार **पद्मश्री श्री अनुज शर्मा जी**, युवा विधायक **सम्मानीय श्री देवेन्द्र यादव जी**, प्रवातारोही **सुश्री नेहा जी** के साथ छत्तीसगढ़ के युवा जो अलग अलग क्षेत्रों में अपना मुकाम हासिल किया है की गरिमामई उपस्थिति रही ।


















# राष्ट्रीय सेवा योजना पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चयन

विश्वविद्यालय स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड का चयन दिनांक 28 अक्टूबर 2021 को किया गया। जिसमें चयनित 06 स्वयंसेवक ने पटना में आयोजित चयन शिविर में सहभागिता की।









# सलाहकार समिति की बैठक

विश्वविद्यालय स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक दिनांक 28 अक्टूबर 2021 को अपरान्ह 03:00 बजे से कुलपति सचिवालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई ।








# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय द्वारा 8 मार्च 2022 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस छत्तीसगढ़ राज्य की राज्यपाल एवं कुलाधिपति माननीय सुश्री अनुसुइया उईके जी के मुख्य आतिथ्य में गरिमामय रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष माननीय डॉ किरणमई नायक जी विश्वविद्यालय के कुलपति सम्माननीय प्रोफेसर केशरी लाल वर्मा जी के साथ अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के विविध क्षेत्रों में अग्रणी रूप से कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 1500 से ज्यादा राज्य की विभिन्न क्षेत्रों से महिलाओ की उपस्थिति रही।











# राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह

राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन छ.ग. की राज्यपाल माननीय सुश्री अनुसुईया उइके जी की मुख्य आतिथ्य में 24 सितम्बर 2021 को पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में विश्वविद्यालय की संगठन व्यवस्था में आयोजित हुआ । इस कार्यक्रम में 1500 से ज्यादा स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम अधिकारीयों की उपस्थिती रही ।












# राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

राज्य स्तरीय सात दिवसीय विशेष शिविर, 2022 अमलेश्वर,दुर्ग छ.ग.का आयोजन 26 फरवरी से 4 मार्च 2022 तक पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी,रायपुर की संगठन व्यवस्था में अमलेश्वर जिला दुर्ग में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना,राज्य स्तरीय शिविर न केवल स्वयंसेवकों को समाज के कल्याणकारी कार्यो के लिए तैयार करता है,बल्कि उनकी नेतृत्व क्षमता,साहस व व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। शिविर में शिविरार्थियो ने शत–प्रतिशत सहभागिता निभाई हैद्यशिविर ने न केवल स्वयंसेवकों को श्रमदान व् समाज कल्याण के गुर सिखाया है,अपितु शिविरार्थियो में व्यक्तित्व का विकास,परस्पर सहयोग व सामंजस्य की भावना को भी जागृत किया हैं।















# राष्ट्रीय सेवा योजना : विश्वविद्यालय के गौरव

राज्य स्तरीय स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह सत्र 2021–22 में विश्वविद्यालय से संस्था स्तर पर श्रेष्ठ संस्था का सम्मान शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम अधिकारी स्तर पर श्रीमती सुनीता चंसौरिया को महाविद्यालय स्तर पर श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी का सम्मान प्राप्त हुआ। विद्यालय स्तर पर श्री दुर्गेश कुमार वर्मा शा.उ.मा.विद्यालय बारनवापारा को श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी का सम्मान प्राप्त हुआ। स्वयंसेवक स्तर पर महाविद्यालय स्तर पर श्री शिवा पटेल शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम एवं सुश्री हेमलता साहू शास.दू.ब. कन्या स्नात. महाविद्यालय रायपुर को श्रेष्ठ स्वयंसेवक का सम्मान प्राप्त हुआ। विद्यालय स्तर पर श्री रविकिशन साहू शास. आदर्श उ.मा.विद्यालय महासमुंद को श्रेष्ठ स्वयंसेवक का सम्मान प्राप्त हुआ।






# राष्ट्रीय सेवा योजना : समाचार पत्रों में

## रासेयो छात्र मुहल्लों में संचालित कर रहे क्लास



मुहल्लों में बच्चों की पढ़ाईके लिए प्रेरित करता रासेयो का स्वयंसेवक। ● सौ. अजय राजा

**महासमुंद(वि)।** राष्ट्रीय सेवा योजना और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में संचालित ब्लू ब्रिगेड अभिनव कार्य योजना के तहत पंडित रविशंकर शुक्ल विवि ब्लू ब्रिगेड नोडल अधिकारी डा. मालती तिवारी, जिला नोडल अधिकारी महासमुंद अजय कुमार राजा के मार्गदर्शन में स्वयंसेवक कोविड 19 वैश्विक महामारी के वर्तमान दौर में छोटे बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो, पढ़ाई के प्रति उनमें लगन बनी रहे इस उद्देश्य के साथ अपने अपने ग्राम, वार्डों में कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए बच्चों को एकत्रित करके मोहल्ला क्लास का संचालन कर रहे है।

जिसके अंतर्गत ग्राम कुकराडीह में दल नायक प्रकाशमणि साहू, सुशील निषाद, डीगेश्वर प्रसाद यादव, अजय साहू, खेमू दीवान, निखिल साहू, इशांत साहू द्वारा, ग्राम भोरिंग में वरिष्ठ स्वयंसेवक भूपेंद्र साहू, तिलकचंद साहू, दिनेश साहू, भूपेश साहू, डीगेश्वर प्रसाद साहू द्वारा कक्षा पहली से दसवीं तक के बच्चों को, ग्राम पंडरीखार में स्वयंसेवक रमन ठाकुर द्वारा प्रतिदिन पहली से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों को मोहल्ला क्लास के माध्यम से नियमित शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस मोहल्ला कक्षा लगाने का उद्देश्य पढ़ाई से वंचित बच्चों को शिक्षा प्रदान कर पढ़ाई के प्रति सजग व जागरूक बनाना है। मोहल्ला क्लास के अलावा स्वयंसेवक छह चयनित ग्रामों मचेवा, बेमचा, साराडीह, बरोंडा बाजार, परसकोल एवं बेलसोंडा में ब्लू ब्रिगेड अभिनव कार्य योजना के तहत बाल शोषण, गर्भवती माताओं का टीकाकरण, कुपोषण से बचाव हेतु पौष्टिक आहार, बाल यौन शोषण, बाल श्रम आदि गम्भीर विषयों पर नुक्कड़ नाटक, डोर टू डोर सर्वे, दीवारों पर नारा लेखन, जनजागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

## शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा में रासेयो का रक्तदान शिविर



**महासमुंद/ट्रैक सीजी।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ,यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं रेड रीबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय जिला अस्पताल खरोरा के मेडिकल स्टाफ के सहयोग से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉ. ज्योति पांडेय, जिला संगठक रासेयो डॉ. मालती तिवारी एवं जिला संगठक इंडियन रेडक्रास सोसायटी महासमुंद श्री अशोक गिरी गोस्वामी के निर्देशन में यूथ रेडक्रॉस प्रभारी व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी श्री अजय कुमार राजा एवं श्रीमती राजेश्वरी सोनी के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमे महाविद्यालयीन अधिकारीयों, कर्मचारियों,रासेयो स्वयंसेवको व महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं द्वारा कुल 51 लोगों ने रक्तदान किया जिसमे 37 छात्रों एवं 14 छात्राओं ने रक्तदान किया । यह रक्तदान शिविर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा, महासमुंद परिसर में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चला।महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित होने पर प्राध्यापकों एवं छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर शिविर में रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में 25 छात्र छात्राओं ने पहली बार रक्तदान किया, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी व कार्यक्रम अधिकारी श्री अजय कुमार राजा द्वारा 69वी बार रक्तदान किया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय प्राध्यापकों डॉ. रीता पांडेय, श्रीमती सीमारानी प्रधान, श्री मुकेश सिन्हा, सुश्री प्राची गुप्ता, श्री मुकेश पेंदरिया द्वारा रक्तदान किया गया, स्वयंसेवकों मनोज देवांगन, युवराज ठाकुर, गजेंद्र दीवान, डगेश्वर दीवान ,गोपी सिन्हा , तोरण कुमार ,कुमारी वर्षा रानी वर्मा ,विजय कुमार पटेल ,मनीष कुमार बंजारे, सुमित सचदेव, चंद्रप्रभा, शैलेंद्र बघेल ,गुलशन बघेल, देवेंद्र राजपूत ,कविता पटेल, रोशनी राजपूत, पूजा चंद्राकर, अंकित भोई, दीपक घागरे ,विकी चंद्राकर, तरुण ध्रुव, कु. आशीष चंद्राकर, ऐशकुमार चक्रधारी ,हरीश ध्रुव, नागेश चक्रधारी ,पूजा जैन, सेजल जैन, राजा सिन्हा उमाशंकर ,दीपक पटेल ,सोहन जांगड़े, कुमारी सीमल ठाकुर ,खिलेश कुमार, उमेश देवांगन ,हीमेंद्र सिंह ,ओमेश्वरी ध्रुव, टीकम निषाद, दीपक कुमार ,कमलेश देवदास, सहदेव नायक, सूर्यकांत, खेमराज यदु मनीष साहू, अभिषेक साहू ,कुलेश्वर साहू द्वारा रक्तदान किया गया । छात्र दीप पंचेश्वर एवं छात्रा अंजली अग्रवाल द्वारा जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान किया गया। इस रक्तदान शिविर में शासकीय जिला अस्पताल खरोरा महासमुंद की मेडिकल स्टाफ डॉ शशिकाल कोसाम विभागाध्यक्ष, डॉ श्रेष्ठा गोयल, श्री सुनील साहू, हेमंत कत्रोजे, भागवत चंद्राकर, पूर्ण चंद विशाल,दुर्गेश्वरी साहू, अनिमेश गार्डिया,आत्माराम साहू का विशेष सहयोग रहा । रक्तदान शिविर में रासेयो स्वयंसेवक प्रकाशमणि साहू,गजेंद्र पटेल, दुर्गेश पटेल, कमलेश देवदास, सुशील निषाद,गोपी सिन्हा, दीपक पटेल, खेमराज यदु,प्रिंस चक्रधारी, डीगेश्वर प्रसाद यादव, ढलेंद्र बघेल , सोनम साहू का विशेष सहयोग रहा ।

## महविद्यालय मचेवा में 108 छात्रों को लगाया कोविड टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महविद्यालय मचेवा में केंद्र शासन व राज्य शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ ज्योयि पांडेय के निर्देशन, प्रभारी प्राचार्य डॉ ईश्वरी प्रसाद चेलक, जिला संगठक रासेयो डॉ मालती तिवारी, यूथ रेडक्रॉस प्रभारी व रासेयो कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा, कार्यक्रम अधिकारी राजेश्वरी सोनी के मार्गदर्शन में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना, यूथ रेडक्रॉस सोसायटी व रेडरीबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 16से 18 वर्ष आयू वर्ग के छात्र-छात्राओं का टीकाकरण किया गया। इस टीकाकरण शिविर में 94 छात्र-छात्राओं ने वैक्सीन की प्रथम डोज व जिन विद्यार्थियों का वैक्सिनेसन का दूसरा डोज बाकी था, ऐसे 14 विद्यार्थियों का भी टीकाकरण किया गया। इस तरह कुल 108 विद्यार्थियों का टीकाकरण किया गया।

सभी विद्यार्थियों में टीकाकरण के प्रति उत्साह देखा गया, विद्यार्थियों ने वैक्सीनेशन के दौरान फोटोग्राफी भी की। इस टीकाकरण शिविर को सफल बनाने में जिला स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी प्रतिभा साहू (वैक्सिनेटर), सुरेश साहू (वेरिफायर), महाविद्यालय के स्टाफ डॉ रीता पांडे, डॉ नीलम अग्रवाल, सरस्वती सेठ, राजेश शर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ स्वयं सेवक ईश्वरी ध्रुव, मोनिका पटेल, कमलेश देवदास, गोपी सिन्हा, शीतल साहू, ठलेश साहू आदि का सहयोग रहा।

**कार्यक्रम** नशामुक्ति, बाल शोषण, दहेज प्रथा जैसे कई विषयों पर ग्राम मचेवा के ग्रामीणों को किया जागरूक

## एनएसएस ने नुक्कड़ नाटक कर दी पोषण की जानकारी



नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते स्वयंसेवक। ● सौ. कुम्भज चंद्राकर

**महासमुंद (नईदुनिया न्यूज)।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में ब्लू ब्रिगेड कार्य अभिनव योजना की द्वितीय सीजन का कार्य प्रारंभ हो गया है। जिसके तहत महासमुंद ब्लॉक में राष्ट्रीय सेवा योजना जिला संगठक एवं विश्विद्यालय ब्लू ब्रिगेड नोडल अधिकारी डा मालती तिवारी पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ब्लू ब्रिगेड नोडल अधिकारी महासमुंद एवं अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम किया गया। ग्राम मचेवा में कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर सरस्वती वर्मा के दिशा निर्देशन में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला उत्पीड़न, नशा मुक्ति, बाल शोषण की जानकारी प्रदान की गई । मचेवा के भाटापारा में 58 घरों का डोर टू डोर सर्वे किया गया जिसमें ,सीताराम साहू ऋषभ देवांगन, छबूलाल साहू , भागवतराम देवांगन , परसराम अन्य घरों से जानकारी प्राप्त हुई, सभी ग्रामवासियों ने सहयोग प्रदान किया। साथ ही गाँव में वैक्सीनेटेड लोगों की जानकारी भी प्राप्त हुई।

इस कार्य में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय और शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के 52 स्वयंसेवक उपस्थित थे। जिसमे दल नायक कमलेश देवदास एवं उप दल नायिका वर्षा सिन्हा ज्योति साहू, गोपी सिन्हा ,दीपक पटेल, कुम्भज चंद्राकर , मनीषा पटेल, रस्मिता प्रधान, खुशबू यादव,अंकिता सिन्हा, दीप्ती मिश्रा, मेघा साहू, नूतन साहू, लीना साहू, चित्ररेखा चौधरी, लीना साहू,भुनेश्वरी पटेल, शांतिप्रिया प्रधान, जयश्री साहू, झरना सिन्हा, रामेश्वरी निषाद, श्रद्धा तिवारी, शिवानी साहू, जया निषाद, लाकेश्वरी साहू, लीलेश्वरी साहू, आरती निषाद, विनम्रता साहू, विन्दु साहू, वंदना साहू आदि की सहभागिता रही।

### स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में ब्लू ब्रिगेड कार्य अभिनव योजना की द्वितीय सीजन का कार्य प्रारंभ हो गया है जिसके तहत स्वयंसेवकों द्वारा कार्यक्रम किया गया। मचेवा में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिला उत्पीड, नशा मुक्ति, बाल शोषण की जानकारी प्रदान की गई। मचेवा के भाटापारा में 58 घरों का डोर-टू-डोर सर्वे किया गया। इसमे शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोतर महाविद्यालय औ शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के 52 स्वयंसेवक उपस्थित थे। जिसमे दल नायक कमलेश देवदास एवं उप दल नायिका वर्षा सिन्हा , ज्योति साहू, गोपी सिन्हा, दीपक पटेल, कुम्भज चंद्राकर , आर्या चंद्राकर, मनीषा पटेल, रस्मिता प्रधान, खुशबू यादव, अंकिता सिन्हा, दीप्ती मिश्रा, श्रद्धा तिवारी, शिवानी साहू, जया निषाद, लाकेश्वरी साहू, लीलेश्वरी साहू, आरती निषाद, विनम्रता साहू, विन्दु साहू, वंदना साहू आदि की सहभागिता रही।


अंग्रेजी और हिंदी सामान्य ज्ञान अब हमारी वेबसाईट पर dailychhattisgarh.com

छत्तीसगढ़

छपे हुए अखबार से और अधिक सामग्री वेबसाईट पर dailychhattisgarh.com

रायपुर, 16 मार्च 2022, बुधवार www.dailychhattisgarh.com डाक पंजीयन क्र. छग / रायपुर संभाग /40/2021-2023 वर्ष-15 अंक-25 पृष्ठ-12 दाम- 3 रुपये आरएनआई रजि. क्र. CHHHIN/2008/24127 फाल्गुन सुदी १३ सं. २०७८ **


## स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर बनाए 15 चबूतरे



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद की संगठन व्यवस्था में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय संयुक्त मेगा शिविर ग्राम मचेवा में महाविद्यालय के कन्या छात्रावास में आयोजित किया गया था। इस सात दिवसीय मेगा शिविर का संचालन जिला संगठक रासेयो एवं शिविर नोडल अधिकारी डॉ मालती तिवारी व कार्यक्रम अधिकारी एवं शिविर प्रभारी अजय कुमार राजा के द्वारा किया गया । शिविर दिनचर्या के अनुसार प्रतिदिन तीन घंटे का परियोजना कार्य शिवरार्थियों के द्वारा किया गया। छह मार्च से 10 मार्च तक शिविर के परियोजना कार्य में 15 चबूतरा निर्माण, खुले जीम का समतलीकरण , शहीद स्मृति उद्यान एवं हर्बल गार्डन में क्यारी निर्माण, समतलीकरण, पौधों को व्यवस्थित करना, शिविर स्थल के बाहर साफसफाई, तीन सोखता गड्ढो का निर्माण कार्य शिविरार्थियों व शिक्षको के द्वारा धन व श्रम लगाकर किया गया ।

इस परियोजना कार्य के लिए आवश्यक सामग्री हेतु महाविद्यालय प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों द्वारा अपने स्वजनों के स्मृति में राशि दान किए। जिसमे राजेश शर्मा कार्यालय प्रमुख द्वारा 10 हजार रुपये, डॉ रीता पांडे विभागाध्यक्ष द्वारा पांच हजार रुपये, अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य के द्वारा पांच हजार रुपये, राजेश्वरी सोनी सहायक प्राध्यापक द्वारा पांच हजार, उद्दयन भारती द्वारा, हितेश यादव द्वारा पांच पांच हजार, कुंदन देवांगन प्रयोगशाला तकनीशियन द्वारा तीन हजार की राशि दान दी गई।

यह परियोजना कार्य, कार्यक्रम अधिकारी राजेश्वरी सोनी शासकीय पीजी कॉलेज महासमुंद, ओमप्रकाश मरावी शासकीय महाविद्यालय बागबाहरा, निर्मल बंजारे श्याम बालाजी बी एड कालेज महासमुंद, चुम्मन लाल निषाद इंडियन कॉलेज महासमुंद, ह्यूमा लिली दीवान एवं तरुण ध्रुव शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको, अंजली कहार गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल महासमुंद, गीतांजली यादव श्याम विद्यामंदिर महासमुंद के मार्गदर्शन एवं शिविर दल नायक प्रकाशमणि साहू, समूह दलनायकों व वरिष्ठ स्वयंसेवक दुर्गेश पटेल, ठलेश साहू, कुलेश्वर साहू, मेघराज साहू, तरुण ध्रुव, सूरज प्रकाश वर्मा, कमलेश देवदास, रोहित ढीमर, गोपी सिन्हा, प्रियांशु तिवारी, ऋषभ राजपूत, दीपक के नेतृत्व में समस्त शिविरार्थियों के द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

## कार्यशाला में बताया कोई भी काम छोटा या बड़ा नही होता



कार्यशाला में सामिलित स्वयंसेवक। ● प्रकाशमणि साहू

**महासमुंद (वि)।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 19 अप्रैल को रायपुर में युवाओं के कौशल उन्नयन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी, जिला संगठक एवं रासेयो स्वयंसेवक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सत्येंद्र पटनायक, डा. जवाहर सूरीसेट्टी, आनंद सिंघानिया, जितेन्द्र मुदलियार अध्यक्ष युवा आयोग, डॉ. समरेंद्र सिंह राज्य एनएसएस अधिकारी पदेन उपसचिव छग शासन, कुलदीप सिंह जुनेजा विधायक, विकास उपाध्याय विधायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवा शक्ति को जागृत करना रहा। जिसमें वक्ताओं द्वारा उपस्थित सभी को युवाओं का कौशल उन्नयन कर किस प्रकार से आगे बढ़े , अपने सोच को किस प्रकार से बढ़ाना, किस प्रकार से स्टार्टअप करना चाहिए एवं महिलाओं के लिए क्या योजना और चालू किया जा सके, जिससे महिलाएं सशक्त बने, बात रखी।

वक्ताओं द्वारा बताया कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता काम की शुरुआत ही सफलता है। जिसमें आज के युवा भ्रमित हो जा रहे है और अपने कार्य का आकलन पहले से कर लेते है जिससे वह अपने मार्ग से भटक जा रहे हैं। निम्न विषयों पर यह एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। जिसमे उपस्थिति सभी विद्यार्थियों से प्रश्नकाल हुआ। जिनका उत्तर वक्ताओं द्वारा प्राप्त हुआ। सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जॉब जकारिया यूनाइटेड नेशन से, सेम सुधीर बंडी यूनिसेफ, डॉ. नीता बाजपेयी कार्यक्रम समन्वयक रासेयो पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में महासमुंद जिला से डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो महासमुंद के नेतृत्व में, डा. सरस्वती वर्मा कार्यक्रम अधिकारी शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद, शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद रासेयो इकाई के स्वयंसेवक दल नायक प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर, ऋषभ राजपूत, दीपक पटेल,खेमराज यदु,. भूमिका पटेल, पूर्णिमा साहू, रोशनी राजपूत, शास. खेमचंद महाविद्यालय बागबाहरा से लोकेश यादव, झाडुराम सम्मिलित हुए।